# कोटा में जनसुनवाई में 215 परिवादों की सुनवाई कर राहत दी



जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने जिला स्तरीय जनसुनवाई की।

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर के जनसुनवाई केन्द्र पर आयोजित की गई। इस अवसर पर 215 परिवाद आए। जनसुनवाई में मुख्य सचिव सुधांश पंत भी वीसी के माध्यम से जुडे और प्रकरणों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए इनसे संबद्ध विभागों द्वारा पहले ही उनके यहां लम्बित और संबंधित शिकायतों का निराकरण कर लिया जाए।

परिवादों की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश देकर परिवादियों को राहत दी। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई के दौरान हर फरियादी की व्यक्तिगत सुनवाई की एवं उनकी समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। समस्त उपखंड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार वीसी के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े। संबंधित प्रकरणों पर उनसे चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में बिजली, सफाई, भूमि की पैमाईश, रास्ता संबंधी, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन चालू कराने के प्रकरण अधिक आए जिनमें उन्होंने रिपोर्ट मंगवाने के निर्देश दिए। पेंशनर्स समाज के प्रतिनिधियों ने मांग पत्र सौंपा वहीं दिव्यांग दंपती ने रोजगार के लिए स्थान देने, बिना अवॉर्ड पारित भूमि अवाप्ति प्रकरण को निरस्त करने, निजी विद्यालय द्वारा टीसी नहीं देने, राशन कार्ड पुनः जारी करने एवं संशोधन इत्यादि के प्रकरण आए। केडीए, नगर निगम, जिला परिषद, केईडीएल, पुलिस, विद्युत विभाग, सीएडी एवं सिंचाई विभाग से जुड़े प्रकरणों में जिला कलेक्टर ने मौजूद अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए।

## भगवान झूलेलाल कलश यात्रा के साथ पालकी में निकले

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर-4 स्थित झूलेलाल मंदिर से भगवान झूलेलाल की पालकी मटकी मेला (कलश यात्रा) के साथ निकाली गई। झूलेलाल मंदिर अध्यक्ष शमशेर परमानी ने बताया कि प्रातः 11 बजे भगवान झूलेलाल की प्रतिमा का अभिषेक व महाआरती कर भगवान झूलेलाल को पालकी में विराजमान कर प्रमुख मार्गो से भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर जगह-जगह सिंधी समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई। जिसमें महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा भाग लिया। भगवान झूलेलाल की पालकी का समापन मंदिर परिसर में हुआ जहां 151 किलो चावल की खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर झूलेलाल मंदिर के पदाधिकारी श्रीचन्द चौथवानी, देवीचन्द दरियानी, सेवक भोजवानी, अनिल टिलवानी, दीपक चुग्घ, भरत रोहिड़ा, देवीलाल मतानी, टिकम माखीजा, विक्की चौथवानी एवं महिला मण्डल की भारती चांदवानी, कामिनी परमानी, उषा दरियानी, कविता चौथवानी, आशा पुरसवानी, संगीता टहिलानी, कोमल बागवानी, भूमि राजानी, लता भोजवानी, काजल खत्री, मंजू माधवानी, मंजू, आशा पुरसवानी उपस्थित रहे।

# डी.आर.एम. ने कोटा-भुलोन खण्ड पर विन्डो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया



कोटा मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण गया।

**कोटा,** (निसं)। पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का नियमित निरीक्षण मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी द्वारा किया जा रहा है। जिससे कार्य गुणवत्तायुक्त तीव्र गति से पूर्ण किया जा सके। इसी क्रम में 18 जुलाई को डीआरएम ने कोटा-भुलोन खण्ड का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण में डीआरएम ने मुख्य रूप से उक्त खण्ड पर संरक्षा पहलुओ, यात्री सुविधाओं एवं बारां और छबडा गुगोर स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। डीआरएम के साथ निरीक्षण में संबंधित विभाग के शाखा अधिकारी तथा पर्यवेक्षक मौजूद रहे। बारां स्टेशन का 23.04 करोड़ एवं छबड़ा गुगोर का 21.18 करोड़ की लागत कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्टेशन परिसर के सौन्दर्यीकरण, प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य, यात्री प्रतीक्षालय की उन्नति एवं शौचालयों का सुधार का कार्य शामिल है।

इस दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पूर्व) बी के पालीवाल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर(सामान्य) धर्मेन्द्र कस्तवार, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरडी) एम.एस.मीना एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 'पीएमश्री योजना के तहत विद्यालयों में विकास कार्य होंगे'

■ 'विद्यार्थियों को अब शहरों की तरह गांवों में भी स्मार्ट शिक्षा प्राप्त हो सकेगी'

**छबड़ा** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंषानुसार बच्चो की षिक्षा को स्मार्ट शिक्षा से जोडने के लिए पीएमश्री योजना के अंतर्गत विधायक प्रतापसिंह सिंघवी के प्रयासो से विधानसभा क्षेत्र के लगभग दो दर्जन पुराने विद्यालयों को मार्डन स्कूल बनाने के उद्देष्य से उच्च माध्यमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयो में विद्यार्थियो को बैठने के लिए कमरे, स्वच्छ पेयजल, षौचालय एवं मरम्मत कार्यों पर लाखो रूपए व्यय होंगे। जिसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई हैं।

विधायक सिंघवी ने बताया कि छबड़ा तहसील के गांव खेरखेड़ा भूरा 19.79 लाख रूपए, कडैयाछत्री 34.69 लाख रूपए, सेमली 24.76 लाख रूपए, महेषपुरा 12.41 लाख रूपए, भूलोन 23.17 लाख रूपए, बालिका विद्यालय उच्च माध्यमिक स्कूल छबड़ा 13.73 लाख रूपए, उच्च माध्यमिक विद्यालय छबड़ा 18.98 लाख रूपए, भैरूपुरा 5.39 लाख रूपए, गागन्याखेडी 5.39 लाख रूपए, ढीमरपुरा 5.39 लाख रूपए, कुन्दपुरा मजरा 5.39 लाख रूपए, रूपारेल 9.22 लाख रूपए, पाली 8.47 लाख रूपए, बंजारा बस्ती नीमखेडा 5.39 लाख रूपए, मोतीनायक पठार मदनाखेडी 5.39 लाख रूपए, नगदी 5.39 लाख रूपए एवं तहसील छीपाबडौद के गांव टांची 25.57 लाख रूपए, दीगोद खालसा 41.73 लाख रूपए, हरनावदाषाहजी 14.30 लाख रूपए, फलिया 4.76 लाख रूपए, सारथल 3.40 लाख रूपए, उच्च माध्यमिक विद्यालय छीपाबडौद 34.76 लाख रूपए की निविदाएं लगाकर टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा षीघ्र ही उक्त कार्यो के कार्यादेश समग्र शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए जाएंगे।

जिससे दूर-दराज के गांवो में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को षहरो की तरह गांवो में ही स्मार्ट षिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

विधायक सिंघवी ने पीएम श्रीयोजना के तहत स्वीकृत कार्यों के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आज दूर दराज के क्षेत्रो में भी स्मार्ट षिक्षा से बालक बालिकाएं लाभांवित हो रहे हैं।

# सर्राफा व्यापारी से मारपीट कर वसूली के प्रयास के आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों को बाजार में पैदल परेड करवा कर न्यायालय में पेश किया

**बून्दी** (निसं)। सोमवार को बून्दी शहर में हुए सर्राफा व्यापारी को मारपीट कर धमकी देकर वसूली करने के प्रयास के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने 5 आरोपी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि थानाधिकारी थाना कोतवाली बून्दी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये बून्दी शहर में सर्राफा व्यापारी को मारपीट कर धमकी देकर वसूली करने के प्रयास के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इन आरोपियों में इशाक मोहम्मद व सलीम उर्फ पच्चीस दोनों हिस्ट्रीशीटर्स व हार्डकोर अपराधी है। घटना के बाद शहर बून्दी में घटना को लेकर रोष व्याप्त था। मामले को लेकर शहर के व्यापारियों ने मंगलवार को शहर में आधे दिन का बंद रख कर विरोध जताताते हुए जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को कठोर कार्यवाही के लिए ज्ञापन भी सोंपा था।

मामले में गायत्री नगर बून्दी निवासी उदय गर्ग ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया था कि 15 जुलाई को सुबह 10 बजे उसका भाई अनिकेत गर्ग घर से स्कुटी लेकर बेग, नगदी, जेवरात सहित दुकान पर जा रहा था। इस दौरान खोजा गेट रोड पर हिस्ट्रीशीटर इसाक मोहम्मद ने लूट व जानलेवा हमले की नीयत से योजनाबद्ध रूप से सलीम पच्चीस व अन्य 4-5 लोगों के साथ मिलकर अनिकेत गर्ग पर डण्डो व सरियो से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे अनिकेत के पैरो, घुटनो, कमर, गर्दन, हाथ आदि जगहो पर चोट आई, जो कि जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। इन्होंने बताया कि हमला करते हुए आरोपियों ने धमकी दी कि शहर का बड़ा सेठ बन रहा है, समय पर पैसे दे दिया कर वरना दुकान से उठा लेंगे। मारपीट को देखकर राहगीर इकट्ठा हो गये जिनको देखकर हमलावर भाग गये। बावजूद प्रयास के भी आरोपी नगदी जेवरात का बेग नही ले जा पाये लेकिन जाते समय दुबारा हमला करने की धमकी दे गए। इन्होंने बताया कि आरोपी इसाक मोहम्मद आदतन अपराधी है, जिसने पहले भी धमकियां दी है और जबरन वसुली करना चाहता है।

**आरोपियों को पैदल परेड करवाई:-** जिला पुलिस अधीक्षक ने मामले की गम्भीरता को देखते हुये अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये थे। जिस पर कोतवाली थानाधिकारी तेजपाल के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये मामले में लिप्त पांच आरोपियों को इशाक मोहम्मद पुत्र रसूल मोहम्मद जाति रंगरेज मुसलमान (63) निवासी मंडोरा के मकान के पीछे मोडी पाडा, सलीम उर्फ सलीम पच्चीस पुत्र स्व. श्री शहीद मोहम्मद जाति मुसलमान फकीर (31) निवासी संगम टाकीज के पीछे, बाईपास रोड मुल्तानी मोहल्ला बून्दी, रविशंकर उर्फ रवि भट्टा पुत्र शांति लाल जाति बैरवा उम्र 21वर्ष निवासी ग्राम गुढामंगडू थाना रायथल जिला बून्दी हाल निवासी गेट नं. 06 रजतगृह नैनवां रोड़ बून्दी, राहुल कुमार जावा पुत्र श्री विनोद कुमार जावा जाति बाल्मिकी उम्र 21 वर्ष निवासी गैस गोदाम के पास गेट नं. 6 इन्द्रा कोलोनी बून्दी और समीर खान उर्फ हनुमान पुत्र श्री अब्दुल रसीद जाति मुसलमान उम्र 21वर्ष निवासी मदरसा के पास महावीर कोलोनी बून्दी को गिरफ्तार किया। इनमें से आरोपी इशाक मोहम्मद सदर थाना बूंदी का व सलीम उर्फ पच्चीस कोतवाली थाना जिला बूंदी का हिस्ट्रीशीटर्स व हार्डकोर अपराधी है।

# छबड़ा प्लांट में प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने मोतीपुरा थर्मल पावर प्लांट के मुख्य अभियंता को ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर 2800 ग्रेड पे पर कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को पदोन्नित पद पर नियुक्ति दिलवाकर अवसर की समानता का अधिकार दिलवाने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य अभियंता को सौंपे ज्ञापन में बताया कि छबड़ा धर्मल पॉवर प्लांट बैकवर्ड इलाके में स्थित होने के कारण यहां कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों के साथ भेदभाव अपनाते हुए लंबे समय से प्रॉपर प्रमोशन चैनल बीच में से ब्रेक किया हुआ है। जबकि कोटा थर्मल शहर में होने के कारण वहां पर प्रॉपर प्रमोशन चैनल बना हुआ है। ज्ञापन में बताया कि अगर 15 दिनों के अंदर छबडा प्लांट में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को समानता का अधिकार दिलवाते हुए प्रॉपर प्रमोशन चैनल पूरा करवा कर प्लांट अटेंडेंट प्रथम को 18.6.18 से प्रमोशन पद पर नियुक्ति दिलवाई जाए अन्यथा कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूरन आंदोलनात्मक कदम उठाना पडेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। प्रतिनिधि मण्डल में शाखा अध्यक्ष रत्नेश राठी, बाबूलाल कुम्हार, विक्रम सिंह मीणा, योगेश नागर, महेंद्र नागर, धर्मपाल थेपर, राजेश मीणा, महावीर मीणा व देवराज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**आम सूचना**

मैं मेरे पक्षकार श्री पुष्पलाल चांदना पुत्र श्री गंगाराम गुर्जर निवासी ग्राम रोजड़ी नयागांव कोटा से अधिकार प्राप्त कर हर आम व खास को सूचित करता हूं

कि मेरे पक्षकार के साथ कर्मवीर जादौन एडवोकेट, चंदन पांचाल, धर्मराज पुलिसकर्मी व राजेन्द्र पुलिस कर्मी द्वारा आपसी धोखाधड़ी करते हुए उसके कब्जे शुदा प्लॉट मय एक दुकान व गैलरी के देवनारायण मंदिर के सामने, आंवली रोजड़ी कोटा के फर्जी रुप से खरीद फरोख्त के संबंध में दिनांक 8.7.2024 को एक कूटरचित इकरारनामा चंदन पांचाल के पक्ष में मेरे पक्षकार को झांसे में लेकर तैयार करवा लिया गया है। इसके संबंध में मेरे पक्षकार की ओर से S.P. सिटी कोटा को उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध एक परिवाद प्रस्तुत किया हुआ।

कि चंदन पांचाल व उक्त व्यक्तियों द्वारा उक्त सौदे के पेटे मेरे पक्षकार को एक नया पैसा भी आज तक नहीं दिया गया है। इसके विपरीत मेरे पक्षकार को ब्लैकमेल करते हुए कर्मवीर जादौन एडवोकेट ने उससे 1 लाख 30 हजार रुपये अनुचित दबाव बनाकर बद्धयन्तिपूर्वक प्राप्त करके हड़प कर लिए गए है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के उक्त प्लाट मय एक दुकान व गैलरी के संबंध में चंदन पांचाल तथा उक्त व्यक्तियों से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार नहीं करे। अन्यथा ऐसा व्यक्ति इसके लिए स्वयं उत्तरदाई माना जावेगा। मेरे पक्षकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भवदीय

ठा. सी.एम. कुशवाह एडवोकेट


# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 100 प्रकरणों का निस्तारण किया

**बूंदी** (निसं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर राहत दी गई।

जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जन सुविधा केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों को तुरंत समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर भी मौजूद रहे।

जन सुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की वाजिब समस्या का अधिकारीगण तुरंत समाधान करें। निस्तारण में किसी तरह की ढिलाई नहीं करें। जनसुनवाई में लगभग कुल 100 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद को निर्देश दिए कि शहर में गंदे पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जावे। इसके अलावा नाली निर्माण करने और पेयजल एवं सुविधाओं की समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि कृषि कनेक्शन के लिए प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सथूर में सरकारी स्कूल के नजदीक लगे ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द हटाया जावे। साथ ही बिजली बिलों में संशोधन करवाने के परिवादो का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के लिए जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान करवाने, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत कनेक्शन, सीमा ज्ञान, अतिक्रमण हटाने, राशि स्वीकृत करवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व रेकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण, सडक निर्माण, खेत में जाने का रास्ता दिलवाने, नालियों की साफ सफाई, पेयजल के लिए हेडपंप लगवाने, भूमि हस्तांतरण, सीएडी की नेहरो को अतिक्रमण मुक्त करवाने, खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने संबंधी समस्याएं आमजन ने जिला कलक्टर को बताई। इनमें कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा अन्य के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए।

# '18 वर्ष से अधिक उम्र के थैलेसीमिया रोगी भी अब जेके लोन में रक्त चढ़ा सकेंगें'

■ थैलेसीमिया रोग से ग्रसित मरीजों की परेशानियों को लेकर निर्णय हुआ

**कोटा,** (निसं)। थैलेसीमिया रोग से ग्रसित मरीजों की परेशानियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन की उपस्थिति में प्रमुख वरिष्ठ चिकित्सा प्रभारीयों की बैठक मेडिकल कोलेज प्रधानाचार्य व नियंत्रक डॉ. संगीता सक्सैना के कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक में थैलेसीमिया से ग्रसित 18 साल से अधिक उम्र के रोगी जो महाराव भीमसिंह चिकित्सालय में रक्त चढ़ाते थे उनकी परेशानियों को लेकर चर्चा उपरांत व्यापक जनहित मे आगामी सोमवार से थैलेसीमिया से ग्रसित 18 वर्ष से अधिक उम्र के रोगीयों को भी अब एम बी एस अस्पताल की जगह जे के लोन में ही रक्त चढाने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में 18 वर्ष से अधिक उम्र के थेलेसीमिया रोगियों को एम बी एस अस्पताल में अनेको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जैसे रजिस्ट्रेशन करवाना, सीबीसी जांच, ब्लड बैंक की अस्पताल से दूरी, अस्पताल से ब्लड ले जाना फिर पहुचाना, डिस्चार्ज करवाना आदि, ऐसे ही अनेको समस्याओं को देखते हुए जे के लोन में रक्त चढ़ाने की सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया।

निजी ब्लड बैंक में जो रोगी ब्लड चढाते थें उनको ब्लड फिल्टर की समस्यायें आती थी। इस समस्या के निराकरण के लिये ब्लड फिल्टर मंगवाने का निर्णय लिया गया। थेलेसीमिया रोगियो के शरीर में लगातार रक्त चढाने से आयरन बहुत अधिक मात्रा में होता है इसलिये इनके शरीर से आयरन निकालने के लिये लगातार दवाईयां दी जाती है। कांग्रेस कार्यकाल में जो दवाईयां रोगियों को उपलब्ध करवाई जा रही थी वो आयरन को कम करने में कारगर साबित नहीं हो रही, इनके स्थान पर उचित मानकता युक्त नयी दवाईयां मंगवाने पर चर्चा कर डिमांड करने का निर्णय लिया गया। थेलेसीमिया रोगियो के शरीर से लगातार आयरन निकालने के लिये इंजेक्शन डेस्फेराल लगता है। इस इंजेक्शन की उपलब्धता को लेकर भी निर्णय लिया गया।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2024/1580 विज्ञप्ति दिनांक 18.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की योजना मुकुन्दरा विहार विस्तार भूखण्ड संख्या 753 कॉर्नर को आवंटन/न्यास के पत्र क्रमांक 392 दिनांक 10.03.2021 को श्री विक्रम सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह को आवंटन किया गया था। उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री त्रिलोक चन्द जांगिड पुत्र श्री चम्पा लाल द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 753 कॉर्नर योजना मुकुन्दरा विहार विस्तार की विक्रय स्वीकृति श्री विक्रम सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह जर्ये मुख्तार आम श्री त्रिलोक चन्द जांगिड पुत्र श्री चम्पा लाल के नाम जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-2688 जाहिर आम सूचना दिनांक 12.7.24

आवास संख्या 2-क-19 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती कान्ता ओझा पत्नी श्री के.के.ओझा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती कान्ता ओझा पत्नी श्री के.के.ओझा के नाम दिनांक 02.12.1989 को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती कान्ता ओझा पत्नी श्री के.के.ओझा की मृत्यु दिनांक 06.12.2019 को एवं इनके पति श्री कौशल किशोर ओझा पुत्र श्री हीरा लाल ओझा की मृत्यु दिनांक 18.08.1999 हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों श्रीमती स्वाती सारस्वत पुत्री स्व.श्री कौशल किशोर ओझा पत्नी श्री जितेन्द्र सारस्वत एवं श्रीमती मोनिका ओझा पुत्री स्व.श्री कौशल किशोर ओझा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये परित्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 12.04.2023 को अपने भाई श्री मनीष ओझा पुत्र स्व.श्री के.के. ओझा के पक्ष में किया गया। श्री मनीष ओझा पुत्र स्व.श्री के.के. ओझा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-क-19 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परित्याग त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः इस आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परित्याग त्याग पत्र (रिलीज डीड) श्री मनीष ओझा पुत्र स्व.श्री के.के.ओझा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मनीष ओझा पुत्र स्व.श्री के.के. ओझा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मनीष ओझा पुत्र स्व.श्री के.के. ओझा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


## नालों का सफाई अभियान जारी

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण में बरसाती नालों का सफाई अभियान निरन्तर जारी है। गुरूवार को ज्योति मंदिर रोड पर नाले की सफाई करवायी जा रही है। महापौर राजीव अग्रवाल ने बताया कि चैन माउंटेंड मशीन द्वारा बरसाती नाले की गहराई तक मलवा-कचरा निकाले जाने के कारण काफी मात्रा में नालों से मलवा-कचरा निकल रहा है।

महापौर ने बताया कि मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोटा दक्षिण के सभी बरसाती नालो को पूर्ण रूप से कचरा-मलवा मुक्त कर पानी बहाव की स्थिति में लाने का हर संभव प्रयास रहेगा। ज्योति मंदिर रोड पर सफाई कार्य के लिये 02 चौन माउंटेण्ड मशीन 15 डम्पर लगे हुये। महापौर ने स्वयं नाले पर खड़े रह कर नालों की सफाई की मॉनिटरिंग करी। महापौर के साथ पार्षद पी. डी. गुप्ता, अधिशाषी अभियंता अब्दुल कय्यूम कुरैशी, स्वास्थ्य अधिकारी ऋचा गौतम, भुवनेश नावरिया सफाई कार्य के दौरान उपस्थित रहे।

# कोटा के प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल में इन्वेस्चर सेरेमनी का आयोजन




प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल में इन्वेस्चर सेरेमनी का आयोजन किया

**कोटा,** (निसं)। प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल, पुलिस लाईन कोटा में गुरुवार को इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन किया जिसके अन्तर्त चारों हाऊस के विद्यार्थियों-रूबी हाऊस, टोपाज हाऊस, एमराल्ड हाऊस एवं सफायर हाऊस के कैप्टन और वाइस कैप्टन के हेडबॉय, हेड गर्ल का चुनाव किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं को संस्थान के डायरेक्टर डॉ. परवेज द्वारा शपथ दिलाई गई। समारोह में बच्चो ने रंगारंग प्रस्तुती दी गई जिसके उपरान्त हेड बॉय अलवेस और हेड गर्ल मुनिरा को चुना गया।

रूबी हाऊस से कैप्टन अल्तमश, सफायर हाऊस से कैप्टन वंष मेवाड़ा, टोपाज हाऊस से कैप्टन आबिसुद्दीन एवं एम्राल्ड हाऊस से कैप्टन शिफा को बनाया गया वहीं स्पोर्टस इंचार्ज रूद्रांष गोचर, लिटररि इंचार्ज मीनाक्षी सिंह, डिसीप्लेन इंचार्ज जैसमिन, कल्चरल इंचार्ज लावाण्या भारद्वाज एवं षिक्षक-शिक्षिकाओं को हाउस इंचार्ज के रूप में नियुक्त किया गया। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. फैमिना ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को अपनी अपनी जिम्मेदारी बताते हुए समारोह में पधारे अतिथियों को आभार व्यक्त किया।

## गितेश ने की एस.डी.पी. डोनेट

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा लगातार लोगों की सेवा एसडीपी और ब्लड के माध्यम से की जा रही है। बूंदी निवासी मरीज नफीसा के लिए भी टीम के प्रयास से ए पॉजीटिव एसडीपी संभव हो सकी। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि बूंदी निवासी मरीज को एसडीपी की आवश्यकता थी, परिजन मोहम्मद सलीम परेशान हो रहे थे, कई जगह प्रयास के बाद भी जब एसडीपी नहीं मिली तो टीम जीवनदाता से सम्पर्क किया। भुवनेश गुप्ता ने सभी जगह मैसेज किए और कॉल किया, ऐसे में गितेश सिंह सिसोदिया ने जब कॉल देखा तो वह स्थिति की गंभीरता को समझ गए और जब बात की तो पता चला की एक मरीज को अर्जेट में एसडीपी की आवश्यकता है। वह सुबह 6 बजे करीब अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और 40वीं बार एसडीपी डोनेट की है। इससे पूर्व वह 8 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। गितेश सिंह ने कहा कि हम भी को सेवा करने का मन बनाना चाहिए और जब भी अनुकूलता हो जिंदगी बचाने के लिए मदद करनी चाहिए।


**शोक संदेश**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूजनीय पिताजी

**कॉमरेड श्री आर.पी. तिवारी जी**

का देवलोक गमन दिनांक 17.07.2024 को हो गया है। जिनकी **फूल चुनने की रस्म** दिनांक 19.07.2024 (शुक्रवार) को **प्रातः 9 बजे** किशोरपुरा मुक्तिधाम में होगी।

**नियमित बैठक (12 वें तक), स्वनिवास- 1/25, स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा पर रहेगी।**

शोकाकुल परिवार : श्रीमती इन्द्रा तिवारी (धर्मपत्नी), गोविन्द तिवारी (भ्राता), उषा दीक्षित (बहन), राजीव तिवारी (बीमा अन्वेषक)-दीप्ती, क्रांति तिवारी-पुष्पा, पीयूष तिवारी (दैनिक राष्ट्रदूत)-आशाश्री (पुत्र-पुत्रवधु), अदिति-राहुल मिश्रा, अर्चना-अंतिम तिवारी, अवनिका-तनु शर्मा (पुत्री-दामाद), बृजभूषण तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी (भतीजे), रमन, राधिका (भतीजी), सोनल तिवारी-मधु (पौत्र-पौत्रवधु), अमृता, कृतिका (पौत्रियाँ), मोहित (पौत्र), श्रीवासु, श्रीअंश (पड़पौत्र), गौरव मिश्रा-निक्की (नाती-नाती बहू), अनमोल, पीहू (नातिन) एवं समस्त तिवारी परिवार।

**क्रांति तिवारी (पीसीसी सदस्य) 92524 58760**

# सड़क दुर्घटना में मां-बेटी की दर्दनाक मौत, 18 जने घायल

## गोवर्धन की परिक्रमा कर लौट रहे थे एक ही परिवार के सभी रिश्तेदार

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के मनियां क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 स्थित बोथपुरा मोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य 18 लोग घायल हो गए। घटना बुधवार रात्रि की है, जहां गोवर्धन की परिक्रमा कर लौट रहे एक ही परिवार के सभी रिश्तेदारों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को केन्ट्रा ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। घटनास्थल पर हाहाकार मच गया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना में मौके पर ही दो महिलाओं ने दम तोड़ दिया और अन्य 18 लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बनी हुई थी। घटना स्थल पर अंधेरा होने से वहां पर कुछ नहीं दिखाई दे रहा था, सिर्फ वाहनों की लाइट ही दिखाई दे रही थी। तभी सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और यातायात को डायवर्ट करते हुए सड़क पर पड़े दोनों महिलाओं के शवों को मनियां अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचा। वहीं घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर के लिए भेजा गया, जिसमें कुछ घायलों के परिजन उन्हें मुरैना, ग्वालियर ले गए और कुछ का जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज चल रहा है।



हादसे में ट्रक का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची मनियां थाना पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना में 47 वर्षीय भूरी देवी पत्नी हरिमोहन निवासी जीगनी मुरैना मध्य प्रदेश और 65 वर्षीय गयाबाई पत्नी गिरवर जाटव निवासी जौरा मध्य प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जो आपस में मां-बेटी बताई जा रही हैं। वहीं इस भीषण दुर्घटना में रिंकू (32) पुत्र राम अख्तयार, ज्ञानी (44) पुत्र सियाराम, सुमन (30) पत्नी मुकेश, आशीष (16) पुत्र बलराम, सरोज (40) पुत्र बलराम, अनिल (28) पुत्र भीकम सिंह, फूलो (45) पत्नी जगदीश, अरुण (18) पुत्र लाखन सिंह, मुकेश (30) पुत्र जीवाराम, रामरति (55) पत्नी सियाराम, सौम्या (05) पुत्री मुकेश, हिमांशी (03) पुत्री बलराम, प्रीति (41) पत्नी बंटी, ज्योति (20) पुत्री पातीराम, बलराम (40) पुत्र हरिदास, बरसा देवी (35) पत्नी ज्ञान सिंह निवासीगण जीगनी थाना माता बसैया जिला मुरैना और जनक सिंह (50) पुत्र बदलेराम निवासी प्रेम नगर मुरैना मध्यप्रदेश घायल हुए हैं।

■ **ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार थे सभी लोग, केन्ट्रा ट्रक ने टक्कर मार दी थी**

थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर कृष्णा पुत्र हरिमोहन जाटव निवासी जीगनी थाना माता बसैया जिला मुरैना मध्य प्रदेश में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें बताया है कि यह सभी गोवर्धन की परिक्रमा के लिए मथुरा गए हुए थे। जहां से वापस सोते समय मनियां थाना क्षेत्र के बोथपुरा मोड़ पर एक केन्ट्रा ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें उसकी नानी गयाबाई और माताजी भूरी देवी की मौके पर मौत हो गई एवं अन्य करीब 18 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चरवाहे को पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जाल में फंसाया

**बीकानेर, (निसं)।** सेना की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में भेड़-बकरियां चराने वाले एक चरवाहे को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अपने जाल में फंसा लिया। उसे प्रलोभन देकर फायरिंग रेंज के वीडियो बनवा कर ले लिए। सेना ने इस चरवाहे को पकड़कर कर बुधवार को महाजन पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी चरवाहे से पूछताछ कर रहे हैं।

महाजन पुलिस थाना प्रभारी कश्यप सिंह ने बताया कि महादेववाली निवासी चरवाहे रामलाल को सेना ने पुलिस को सुपुर्द किया है। रामलाल के मोबाइल में पाकिस्तान नंबर पर कॉल करने और चैटिंग करने के डेटा मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक रेंज में भेड़-बकरियां चराने वाले रामलाल के मोबाइल पर कुछ समय पहले पाकिस्तान नंबर से एक मैसेज आया। इसमें दिए लिंक को खोलने पर चरवाहे को आई फोन उपहार में निकला होने का झांसा दिया गया। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी की ओर से भेजे गए इस लिंक पर क्लिक करने से चरवाहे का मोबाइल हैक हो गया। उसे पाकिस्तान से ऑपरेट किया जाने लगा।

■ **चरवाहे ने फील्ड फायरिंग रेंज के वीडियो पाकिस्तान भेजे, सेना ने चरवाहे को पुलिस को सौंपा**

इसके बाद उपहार और पैसों का लालच देकर चरवाहे से फायरिंग रेंज में भेड़ बकरियां चराते हुए रील बनाकर भेजने को कहा गया। चरवाहे ने लालच में अलग-अलग जगह की कई रील बनाकर पाकिस्तान नंबर पर भेजनी शुरू कर दी। मिल्ट्री इंटेलीजेंस (एमआई) को फायरिंग रेंज में भेड़-बकरी चराने वाले इस चरवाहे पर शक हो गया। एमआई ने इसकी निगरानी रखी और मोबाइल लेकर जांच की, तो उसमें फायरिंग रेंज की कई रील मिल गई, जिन्हें पाकिस्तान नम्बर पर भेजा गया था।

# गौहर चिश्ती जेल से रिहा

**अजमेर, (कासं)।** सर तन से जुदा नारे लगाने के मामले में बरी होने के बाद गौहर चिश्ती को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक अदालत ने गुरुवार को जमानत अर्जी स्वीकार कर ली जिस पर चिश्ती को हाई सिक्योरिटी जेल से रिहा कर दिया गया। गौहर चिश्ती पर जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मुकदामा दर्ज कराया था, चिश्ती तभी से जमानत पर थे, लेकिन दरगाह थाना पुलिस द्वारा भड़काऊ भाषण मामला दर्ज किये जाने के बाद से गौहर चिश्ती को गिरफ्तार कर हाई सिक्योरिटी जेल में भेज दिया था।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, नर्मदा नहर परियोजना खण्ड प्रथम सांचौर**

क्रमांक-लेखा/निविदा/2024-25/229 दिनांक 12.07.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यो के लिये अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में राज्य सरकार के संशोधित आदेशों के अनुसार नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा में वर्णित 1 कार्य हेतु निविदा आफलाईन आमंत्रित की जाती है। जल संसाधन विभाग राजस्थान सरकार में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो या के.लो.नि.वि.ए. डाक, दूरसांर, रेलवे में व अन्य राज्य सरकारों/केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों/संगठनों के पास सूचिबद्ध ठेकेदार जो राजस्थान के पात्र श्रेणी के समतुल्य हो, भी कार्य के लिए निविदा हेतु विहित अग्रिम धनराशि देने के पश्चात पात्र है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.07.2024 प्रात 9.30 बजे से दिनांक 23.07.2024 सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड किये जा सकेंगे।

निविदा दिनांक 24.07.2024 को सायं 3 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यो की अनुमानित लागत, धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व कार्य पूर्ण करने की अवधि तथा अन्य शर्ते https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखें।

**NIB CODE WRD2425A0118, UBIN NO. WRD2425WSOB00414**

अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/6074/2024 नर्मदा नहर परियोजना, खण्ड प्रथम, सांचौर

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति ''विशिष्ठ श्रेणी'' बारां (राज.)**

गौण मंडी यार्ड केलवाड़ा, सीसवाली, मांगरोल, फोन नं. :- (O) 07453-234909
E-Mail :- apmcbaran@gmail.com, kums.baran@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 1084 - 90 दिनांक :- 16/07/2024

**कोरिजेन्डम नोटिस**

कृषि उपज मण्डी समिति बारां द्वारा विस्तृत ई–बोली आमंत्रण सूचना क्रमांक 963–69 दिनांक 05.07.2024 से जारी सफाईकर्मियों की आपूर्ति के ई–बोली की विज्ञप्ति में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | आइटम | प्रस्तावित दिनांक | संशोधित दिनांक |
| --- | --- | --- | --- |
| (ix) | बोली प्रस्तुत करने / अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2024 दोपहर 12:00 बजे तक | दिनांक 19.07.2024 दोपहर 12:00 बजे तक |
| (x) | बोली प्रपत्र, बोली प्रक्रिया शुल्क तथा बोली प्रतिभूति के अलग–अलग डी.डी. मण्डी समिति कार्यालय में भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय | दिनांक 16.07.2024 साय: 5:00 बजे तक | दिनांक 22.07.2024 साय: 5:00 बजे तक |
| (xi) | तकनीकी बोली खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 18.07.2024 दोपहर 2:00 बजे | दिनांक 23.07.2024 दोपहर 2:00 बजे |

UBN No. : DAM2425SLRC00398
राज.संवाद/सी/24/2437 सचिव


# टैम्पो ने सड़क किनारे बुजुर्ग को टक्कर मारी

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे में गुरुवार को एक टैम्पो ने सड़क किनारे चल रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में घायल बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर नीमकाथाना रैफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार शिमला निवासी मुंगाराम (77) अपने गांव से खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में एलर्जी की दवाई लेने के लिए आया था। अस्पताल में उपचार लेने के बाद वह सड़क किनारे बस स्टैंड पर जा रहा था। जब वह निर्माणाधीन सड़क पर पहुंचा तो एक टैम्पो ने उसको टक्कर मार दी। इस दौरान सड़क बनाने लिए डाली गई पत्थर की रोडियों पर गिरने से घायल हो गया। इस दौरान आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा घायल मुंगाराम को उपचार के लिए उप जिला अस्पताल में ले जाया गया।

इस दौरान मुंगाराम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे नीमकाथाना जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना पर खेतड़ी पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि टैम्पो की टक्कर से बुजुर्ग मुंगाराम घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए नीमकाथाना भेजा जा रहा है। घटना को लेकर परिजनों को सूचना दी गई है उनके आने के बाद ले जाया जाएगा। टैम्पो के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जालोर में मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिले

## तेज बारिश होने से शहर में चारों ओर पानी ही पानी हो गया



जालोर में तेज बारिश होने से सड़कों पर तेज वेग से पानी बहने लगा।

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर में गुरुवार शाम को मूसलाधार बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। वहीं तेज गर्मी व उमस से लोगों को काफी राहत मिली। शाम को हुई बारिश से चारों ओर पानी ही पानी हो गया।

जालोर जिला मुख्यालय पर गुरुवार शाम को करीब 6.30 बजे अचानक मौसम परिवर्तन के साथ आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया। इसके बाद अचानक तेज बारिश का दौर का शुरु जो कई समय तक जारी रहने से चारों ओर पानी ही पानी हो गया तथा सड़कों पर तेज वेग पानी बहने लगा। शहर के विभिन्न कॉलोनियों में पानी भर गया। साथ इस सीजन की पहली तेज बारिश होने से लोगों को उमस, तेज गर्मी से निजात मिली। इससे पहले बादलों की गड़गड़ाहट के चलते शहर में कई इलाकों में बिजली गुल हो गई बाद में हुई बारिश ने कुछ राहत दी। जालोर जिलेभर में पिछले कई दिनों से लोगों को तेज गर्मी व उमस ने परेशान कर रखा।

बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी देखी जा रही थी। बारिश से किसानों के चेहरो पर खुशी देखी जा रही है। वहीं शहर में तेज बारिश होने से बड़ी पोल, लाल पोल, तिलक गेट पर तेज वेग से पानी बहने लगा, जिससे वहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# पाली में एक घंटे हुई जोरदार बारिश से शहर तरबतर

## बारिश का दौर रुक-रुककर देर रात तक जारी रहा, शहरवासियों के चेहरे खिले



पाली शहर में हुई जोरदार बारिश से शहर की सड़कें पानी से लबालब हो गई।

**पाली, (निसं)।** पाली शहर में गुरुवार को शाम पांच बजे एक घंटे तक हुई जोरदार बारिश से शहर की सड़कें पानी से लबालब हो गई। इस मानसून में पहली बार शहर में इतनी अच्छी बारिश हुई।

हालांकि जिले में पिछले 15 दिन से मानसून की बरसात हर जगह हो रही है लेकिन पाली में गुरुवार को अच्छी बरसात हुई। बारिश का दौर रुक-रुक कर देर रात तक जारी रहा, जिससे शहरवासियों के चेहरे खिल गए। शहर की सड़कों पर करीब एक फीट तक पानी भर गया, जिसमें से वाहन चालक गुजरते रहे। स्टेशन चौराहा, मिल गेट, लोढ़ा स्कूल रोड, आदर्श नगर, मांड्या रोड सिंधी कॉलोनी, रामदेव रोड, नया बस स्टैंड, जंगीवाडा आदि कई क्षेत्रों में पानी भर गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड झालावाड़**

क्रमांक-अ.अ./ज.सं.झा./2024/1633-54 दिनांक-11.07.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 05 वर्ष 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फार्मो से 1. रेवा बॉध के डाउन स्ट्रीम में पौधा रोपण का कार्य (मनरेगा के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति) वर्ष 2024-25 2. सारनखेडी बॉध के डाउन स्ट्रीम में पौधा रोपण की कार्य (मनरेगा के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति) वर्ष 2024-25 3. गणेशपुरा बॉध के डाउन स्ट्रीम में पौधा रोपण की कार्य (मनरेगा के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति) वर्ष 2024-25 4. भीमसागर बांध के रेस्ट हाउस मय LMC & RMC पर पौधा रोपण की कार्य (मनरेगा के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति) वर्ष 2024-25 5.भीमसागर परियोजना बांध का गेजिंग एवं देख रेख का कार्य वर्ष 2024-25 6. भीमसागर बॉध के परियोजना का गेजिंग एवं देखरेख का कार्य वर्ष 2024-25 7.Work of Daily gauging of Kanwarpura dam including Watch & Ward Year 2024-25 8. Repairing of Main gate of Mundliyakheri Dam year 2024-25 9. Construction of Kalammndi kalan Anicut near village of Kalmndi Tehsil Jhalrapatan District Jhalawar (Under the MJSA-II) 10. Construction of Kalamndi kalan Nallah Anicut gram panchayat Kalmandi Kalan Tehsil Jhalraatan District Jhalawar Year 2024-25 (Under the MJSA-II) 11. Construction of anicut nayagav thakra amrit sarovar gram panchayat baisar S Khanpur District Jhalawar (Under the MJSA-II) 12. Construction of Jhagra anicut cum causeway at gram piplaj Khanpur District Jhalawar (Under the MJSA-II) के 12 कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 206.99 लाख है। अधिकतम कार्य की लागत रूपये 88.21 लाख एवं न्यूनतम कार्य की लागत 0.61 लाख है। ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से http://eproc.rajasthan.gov.in की वेबसाइट से डाउनलोड एवं अपलोड की जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण विभाग की वेबसाइट waterresources.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 12.07.2024 से प्रात 9.30 से 25.07.2024 साय 6.00 बजे तक http://eproc.rajasthan.gov.in की अपलोड की जा सकती है/देखी जा सकती है। निविदा दिनांक 26.07.2024 को सायं 4.00 बजे खोली जायेगी।

**UBN NO. WRD2425SSOB00403, WRD2425WSOB00407, WRD2425SSOB00404, WRD2425SSOB00405, WRD2425SSOB00399, WRD2425WSOB00410, WRD2425GSOB00401, WRD2425WSOB00408, WRD2425WSOB00409, WRD2425SSOB00406, WRD2425GSOB00400, WRD2425GSOB00402**

(बाबूलाल गहलोत)
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/6009/2024 जल संसाधन खण्ड झालावाड़

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT DABALI P.S. SAYLA (JALORE)**

No. 204 **Notice Inviting Bid** Date- 11.07.2024

Bid for Civil Goods and Equipment Supply Work are invited from interested bidders upto 20.07.2024 Date 6PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office. The approximate value of the procurement is Rs. 100.00 Laks.

UBN- ZJR2425GLRC00132

हनुमानाराम, सरपंच, ग्राम पंचायत डाबली, पं.स. सायला (जालोर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत डाबली, पं.स. सायला (जालोर)

DIPR/C/5975/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड केकडी**

कमांक-586-604 दिनांक-10/07/24

**Notice Inviting Bid No :-01/2024-25**

Bids For Rate Contract for Patch Repair Work on Various Road under PWD Dn Kekri Procurement are Invited from interested bidders upto 6.00 PM of 22.07.2024 Other particulars of the id may be visited on the procurement portal (http:// eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state website. The approximate value of the procurement is Rs. 185.00 Lacs.

UBN No : PWD2425WSRC02479, PWD2425WSRC02480 PWD2425WSRC02481, PWD2425WSRC02482

(Bhim Singh Meena)
Executive Engineer
DIPR/C/5979/2024 PWD Dn. Kekri

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. MANGROL**

File No.:-521 Date:-12.07.2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for "Major road repair work on Annual rate Contract basis" NIT No. 03/2024-25 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 02.08.2023. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 260.00 lacs.

UBN No.
1. PWD2425WSRC02722
2. PWD2425WSRC02723
3. PWD2425WSRC02724
4. PWD2425WSRC02725
5. PWD2425WSRC02726

(Ashok Sanadhya)
Executive Engineer
DIPR/C/6083/2024 PWD Division Mangrol

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT BAIRATH P.S. SAYLA (JALORE)**

No. 158 Date- 09.07.2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for Supply work of civil goods & equipments are invited from interested bidders upto 21.07.2024 Date 06PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office. The approximate value of the procurement is Rs. 100.00 Laks.

UBN- ZJR2425GLRC00140

(छैलसिंह राजपुरोहित) सरपंच, ग्राम पंचायत बैरठ, पं.स. सायला (जालोर) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बैरठ, पं.स. सायला (जालोर)

DIPR/C/6089/2024


# बुजुर्ग महिला से 99 हजार की ऑनलाइन ठगी

**अजमेर, (कासं)।** एक ओर जहां साइबर क्राइम को लेकर पुलिस व प्रशासन लोगों से ओटीपी, लिंक, पासवर्ड आदि को लेकर जागरुक कर रहा है तो वहीं शातिर ठग लोगों की नादानी का फायदा उठा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र का सामने आया है। बुजुर्ग महिला को हेल्प लाइन पर कॉल करना भारी पड़ गया। शातिर ठग ने रिचार्ज राशि रिफंड का झांसा देकर लिंक भेजकर महिला के बैंक खाते से 99 हजार 201 रुपए विड्रोल कर ऑनलाइन ठगी की वारदात अंजाम दे डाली। पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन थाने के हैड कांस्टेबल सज्जन सिंह ने बताया कि मकान नंबर 115-10 सिविल लाइन निवासी कुमुद माथुर ने 13 जुलाई को जीओ कंपनी के मोबाइल को फोन-पे के माध्यम से रिचार्ज किया, लेकिन रिचार्ज नहीं हुआ। कुमुद ने बताया कि गूगल के माध्यम से कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकालर कर फोन कर सूचना देना चाहा, लेकिन उनका फोन कट हो गया। इसके बाद एक अन्य नंबर से फोन आया। शातिर ठग ने झांसा देते हुए उन्हें एक लिंक भेज कर उस पर क्लिक करने को कहा, जिस पर पीड़िता कुमुद ने लिंक पर जैसे ही क्लिक किया, वैसे ही पहली बार में उनके बैंक खाते से 4 हजार 601 रुपए और उसके छोड़े देर बाद दूसरी बार में 94 हजार 600 रुपए निकल गए। 99 हजार 201 विड्रोल कर लिए। पीड़िता ने बैंक प्रबंधन को इसकी सूचना दी, सिविल लाइन थान अज्ञात शातिर ठग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवती से दुर्व्यवहार मामले में यातायात पुलिस का ए.एस.आई. सस्पेंड

## ए.एस.आई. ने नशे की हालत में युवती का हाथ पकड़ा था

**जोधपुर, (कासं)।** रातानाडा थानान्तर्गत लोको रोड पर नशे की हालत में एक ब्यूटीशियन से दुर्व्यवहार करने के आरोपी यातायात पुलिस के एएसआई अमित मीणा को सस्पेंड कर दिया गया है।

उसने नशे की हालत में सरकारी बाइक पर सवार होकर बिना हेलमेट मोपेड चला रही ब्यूटीशियन को रोका और हाथ पकड़कर चाबी निकाल ली थी। इतना ही नहीं उसने पांच हजार रुपए भी मांगे। तीन दिन थाने के चक्कर लगाने के बाद बुधवार को एफआइआर दर्ज होने पर जब एएसआई शराब के नशे में थाने पहुंचा तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे तत्काल लाइन हाजिर कर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई। अब उसे सस्पेंड कर दिया गया है।

■ **जब एएसआई शराब के नशे में थाने पहुंचा तो गिरफ्तार कर लिया था**

एक युवती ने पुलिस को बताया था कि रातानाड़ा में उसका ब्यूटी पार्लर है, जहां काम समाप्ति के बाद वह 15 जुलाई की रात नौ बजे मोपेड पर घर के लिए रवाना हुई थी। उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था। लोको रोड पर सरकारी बाइक सवार एएसआई वर्दी में आया और उसे रुकने के लिए आवाज लगाई। कुछ आगे जाकर उसने बाइक आगे लगाकर युवती को रोका। युवती का आरोप है कि एएसआई ने हेलमेट न पहना होने पर पांच हजार रुपए मांगे, न देने पर मोपेड की चाबी मांगी। उसने चाबी नहीं दी तो एएसआइ ने हाथ पकड़कर दूर हटाया और चाबी निकालने लगा। इस बीच, आसपास के लोग वहां आ गए।

युवती ने अपने परिचितों को फोन कर जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। रातानाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो एएसआई आवेश में आकर युवती की मोपेड को टक्कर मारकर मौके से रवाना हो गया। युवती ने उसके खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने दर्ज नहीं की। दो दिन तक युवती एफआईआर दर्ज करने के लिए थाने के चक्कर लगाती रही, लेकिन विभाग की बदनामी की आशंका से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बीच बुधवार को आला अफसर तक मामला पहुंचा तो पुलिस हरकत में आई। इसके बाद मामला दर्ज किया गया।

युवती की शिकायत पर जांच करने के लिए पुलिस ने एएसआई अमित मीणा को रातानाडा थाने बुलाया। कुछ देर बाद ही एएसआई थाने पहुंच गया, लेकिन वह शराब के नशे में था। पुलिस ने उसकी जांच करवाई तो 179 एमएल शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय व यातायात शरद चौधरी ने एएसआइ को तुरंत लाइन हाजिर कर दिया। अब एएसआई अमित मीणा को सस्पेंड कर दिया है।


**OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER P.H.E.D CIRCLE TONK**

No.-4060-66 Date-11/07/2024

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH e-procurement system NIT No. 08-13/2024-25**

Bids are invited from interested bidders from 12.07.2024 (06.00 PM) to 24.07.2024 (06.00 PM) as per following details. Other particulars of the bid may be visited on procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.raj.nic.in) of the state

NIB No. PHE 2425A1250

| NIT No. | Name of Work | UBN No. |
| --- | --- | --- |
| 08/ 2024-25 | Providing, laying and jointing of different size of pipe line in Urban and Rural water supply scheme under jurisdiction of Division Malpura under Annual Rate Contract. (Estimated Cost Rs. 120.00 Lacs) | PHE2425 WSRC02759 |
| 09/ 2024-25 | Drilling of bore hole by DTH & Combination rig of 200 mm dia, supply and installation of energy efficient Submersible Pump sets, Panels, Cables and other allied works including commissioning and testing of tube well at rural and urban scheme under jurisdiction of Division Malpura under Annual rate contract. (Estimated Cost Rs. 120.00 Lacs) | PHE2425 WSRC02760 |
| 10/ 2024-25 | Constructions of 125mm diameter New Handpump by DTH / Combination system under jurisdiction of Division Malpura under Annual Rate Contract (Estimated Cost Rs. 120.00 Lacs) | PHE2425 WSRC02761 |
| 11/ 2024-25 | Providing, laying and jointing of different size of pipe line in Urban and Rural water supply scheme under jurisdiction of Division Tonk under Annual Rate Contract. (Estimated Cost Rs. 120.00 Lacs) | PHE2425 WSRC02762 |
| 12/ 2024-25 | Drilling of bore hole by DTH & Combination rig of 200 mm dia, supply and installation of energy efficient Submersible Pump sets, Panels, Cables and other allied works including commissioning and testing of tube well at rural and urban scheme under jurisdiction of Division Tonk under Annual rate contract. (Estimated Cost Rs. 120.00 Lacs) | PHE2425 WSRC02763 |
| 13/ 2024-25 | Constructions of 125mm diameter New Handpump by DTH / Combination system under jurisdiction of Division Tonk under Annual Rate Contract (Estimated Cost Rs. 120.00 Lacs) | PHE2425 WSRC02764 |

Date & time of opening of Technical Bid 25.07.2024 at 11:00 AM

(Rajesh Kumar Goyal)
Superintending Engineer
DIPR/C/6091/2024 PHED Cirlce Tonk

